INDIAN SCHOOL SOHAR
PERIODIC TEST- III (2018-19)
विषयः हिंदी (पाठ्यक्रम - ब)

SET -1
No. of printed pages-2

दिनांक : **14 -01-2019** | पूर्णांक : **20**

कक्षा : IX | समय : **45** मिनिट

निर्देश : **1** इस प्रश्न-पत्र में चार खंड हैं- क, ख, ग और घ।
**2** चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
**3** यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रम से लिखिए।
**4** उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न संख्या अवश्य लिखिए।

(खण्ड- क) (अपठित बोध)

**प्रश्न 1-** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

किसी की निंदा करना सबसे बड़ा दोष है, किंतु कबीरदास जी कहते हैं- " निंदक को सदैव अपने निकट रखना चाहिए; इतना निकट कि उसके लिए आँगन में ही कुटिया बना देनी चाहिए क्योंकि वह हमारे स्वभाव को निर्मल रखता है।" ' निंदा ' उसका स्वभाव है अतः वह निंदा करके संबंधित मनुष्य की कमियों के विषय में बता देता है।यदि व्यक्ति बताई गई कमियों को दूर कर लेता है, तो वह दोष रहित हो जाता है।वस्तुतः निंदक ईर्ष्या-द्वेष से ही प्रेरित होकर निंदा करता है।जब स्वयं किसी कार्य को करने में असमर्थ होता है और कोई अन्य व्यक्ति उसी कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कर लेता है; तो यह देखना असहनीय हो जाता है।ऐसे में निंदा करके ही मनुष्य तुष्टि प्राप्त कर लेता है। निंदक को दूसरों की निंदा करते समय आनंद की अनुभूति होती है।वह दूसरों में अच्छाइयाँ नहीं देखता है, सिर्फ दोषों को खोजता है और दोषों पर ही चर्चा करता है।उसे निंदा करने में परम सुख प्राप्त होता है, इतना सुख किसी ईश्वर भक्त को ईश्वर की भक्ति करने में भी नहीं मिलता।

प्रश्न (क) कबीरदास जी ने निंदक के विषय में क्या कहा है? **1**
प्रश्न (ख) मनुष्य के लिए क्या असहनीय होता है? **1**
प्रश्न (ग) मनुष्य दोष रहित कब हो जाता है? **1**
प्रश्न (घ) निंदक को आनंद कब प्राप्त होता है? **1**

(खण्ड-ख)( व्यावहारिक व्याकरण)

**प्रश्न 2 -** (क) संधि-विच्छेद कीजिए : (कोई दो) **1**
सोमेश, हिताहित , मनोहर

(ख) संधि कीजिए :(कोई दो) **1**
स्व + छंद, अभि + इष्ट, सु + अस्ति

**प्रश्न 3 -** निम्नलिखित वाक्यों में उपयुक्त स्थान पर उचित विराम-चिह्नों का प्रयोग कर वाक्य पुनः लिखिए - **1**
मैथिलीशरण गुप्त ने साकेत महाकाव्य लिखा है

**अथवा**

महादेव देसाई ने साहित्य को उलटना पुलटना क्यों शुरू कर दिया

**प्रश्न 4 -** निम्नलिखित शब्द में से उपसर्ग व प्रत्यय छाँटकर लिखिए - **1**
विभागीय

P.T.O.

(खण्ड-ग) (पाठ्य-पुस्तक)

**प्रश्न 5 -** कवि रहीम ने ऐसा क्यों कहा है कि प्रेम का धागा टूटने पर पहले की भाँति नहीं हो पाता? 1

**अथवा**

सुखिया के पिता को क्या डर था और वह डर किस रूप में बाहर आया ? ' एक फूल की चाह ' पाठ के आधार पर लिखिए।

**प्रश्न 6 -** कवि रैदास के प्रथम पद का प्रतिपादय लिखिए। 2

**अथवा**

' एक फूल की चाह ' कविता के द्वारा कवि क्या संदेश देना चाहता है?

**प्रश्न 7 -** साम्यवाद और बोल्शेविज़्म का जन्म क्यों हुआ ? ' धर्म की आड़ ' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए। 3

**अथवा**

मही नदी के आगे स्थित कीचड़ की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। ' कीचड़ का काव्य ' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

**प्रश्न 8-** लेखिका द्वारा लेखन कार्य करते समय लेखिका का ध्यान आकर्षित करने के लिए गिल्लू क्या करता था और उसने लेखिका के निकट रहने के साथ-साथ गरमी से बचने का कौन-सा उपाय खोज निकाला था? ' गिल्लू ' पाठ के आधार पर लिखिए। 3

**अथवा**

हामिद खाँ ने लेखक से बात करते समय अपने देश के बारे में क्या-क्या बताया था? ' हामिद खाँ ' पाठ के आधार पर बताइए।

(खण्ड-घ) ( लेखन)

**प्रश्न 9 -** ऑफिस से घर आते समय आपका बैग खो गया है। समाचार-पत्र में प्रकाशित करवाने हेतु **50** शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए। 3

**अथवा**

दिए गए चित्र को ध्यान से देखकर अपने मन में उभरे विचारों को **25** से **30** शब्दों में प्रस्तुत कीजिए। विचारों का वर्णन चित्र से सम्बद्ध होना चाहिए।



--------------****---------------

INDIAN SCHOOL SOHAR SET-2

PERIODIC TEST- III (2018-19) No. of printed pages-2

विषयः हिंदी (पाठ्यक्रम - ब)

दिनांक : **14 -01-2019** पूर्णांक : **20**

कक्षा : IX समय : **45** मिनिट

निर्देश : **1** इस प्रश्नपत्र में चार खंड हैं क, ख, ग और घ।

**2** चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

**3** यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रम से लिखिए।

**4** उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न संख्या अवश्य लिखिए।

## (खण्ड-क) (अपठित बोध)

प्रश्न **1**- निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

किसी की निंदा करना सबसे बड़ा दोष है, किंतु कबीरदास जी कहते हैं " निंदक को सदैव अपने निकट रखना चाहिए; इतना निकट कि उसके लिए आँगन में ही कुटिया बना देनी चाहिए क्योंकि वह हमारे स्वभाव को निर्मल रखता है।" ' निंदा ' उसका स्वभाव है अतः वह निंदा करके संबंधित मनुष्य की कमियों के विषय में बता देता है।यदि व्यक्ति बताई गई कमियों को दूर कर लेता है, तो वह दोष रहित हो जाता है।वस्तुतः निंदक ईर्ष्या-द्वेष से ही प्रेरित होकर निंदा करता है।जब स्वयं किसी कार्य को करने में असमर्थ होता है और कोई अन्य व्यक्ति उसी कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कर लेता है; तो यह देखना असहनीय हो जाता है।ऐसे में निंदा करके ही मनुष्य तुष्टि प्राप्त कर लेता है। निंदक को दूसरों की निंदा करते समय आनंद की अनुभूति होती है।वह दूसरों में अच्छाइयाँ नहीं देखता है।उसे निंदा करने में परम सुख प्राप्त होता है, इतना सुख किसी ईश्वर भक्त को ईश्वर की भक्ति करने में भी नहीं मिलता।

प्रश्न (क) निंदक को समीप रखने से मनुष्य दोष रहित कैसे हो जाता है? **1**

प्रश्न (ख) मनुष्य कौन-सी स्थिति में निंदा करके तुष्टि प्राप्त कर लेता है? **1**

प्रश्न (ग) निंदक का स्वभाव कैसा होता है और किस-से प्रेरित होकर वह निंदा करता है? **1**

प्रश्न (घ) निंदक निंदा करते समय कैसा अनुभव करता है? **1**

## (खण्ड-ख) ( व्यावहारिक व्याकरण)

प्रश्न **2** - (क) संधि-विच्छेद कीजिए : (कोई दो) **1**

रूपेश, आच्छादन, मनोरथ

(ख) संधि कीजिए : (कोई दो) **1**

कुश + आसन, गिरि + इंद्र, मनु + अंतर

प्रश्न **3** - निम्नलिखित वाक्य में उपयुक्त स्थान पर उचित विराम-चिह्नों का प्रयोग कर वाक्य पुनः लिखिए - **1**

प्रेमचंद का गोदान उपन्यास अत्यंत प्रसिद्ध है

**अथवा**

बाज़ार में अनेक लोग क्यों आते जाते हैं

प्रश्न **4** - निम्नलिखित शब्द में से उपसर्ग व प्रत्यय छाँटकर लिखिए। **1**

समकालीन

P.T.O.

## (खण्ड ग) (पाठ्य पुस्तक)

**प्रश्न 5** - " एक को साधने से सब सध जाता है।" कवि रहीम ने इस कथन को स्पष्ट करने के लिए क्या उदाहरण दिया है? 1

**अथवा**

अछूत पिता को दंडित क्यों किया गया था? ' एक फूल की चाह ' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

**प्रश्न 6** - ' अग्निपथ ' कविता में कवि शब्दों का बार-बार प्रयोग कर क्या कहना चाहता है? 2

**अथवा**

' आदमीनामा ' कविता के द्वारा कवि क्या संदेश देना चाहता है?

**प्रश्न 7** - कीचड़ से क्या होता है और नदी किनारे कीचड़ कब सुंदर लगता है? 3

**अथवा**

' धर्म की आड़ ' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि पाश्चात्य देशों में धनी और निर्धन लोगों में क्या अंतर है?

**प्रश्न 8** - ' स्मृति ' पाठ को पढ़ने के बाद किन-किन बाल-सुलभ शरारतों के विषय में पता चलता है? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए। 3

**अथवा**

लेखक ने हामिद खाँ से बात करते समय अपने देश के बारे में क्या-क्या बताया? ' हामिद खाँ ' पाठ के आधार पर बताइए।

## (खण्ड-घ) ( लेखन)

**प्रश्न 9** - सात वर्ष का एक बालक दो दिन से लापता है। समाचार-पत्र में प्रकाशित करवाने हेतु थानाध्यक्ष की ओर से **50** शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए। 3

**अथवा**

दिए गए चित्र को ध्यान से देखकर अपने मन में उभरे विचारों को **25** से **30** शब्दों में प्रस्तुत कीजिए। विचारों का वर्णन चित्र से सम्बद्ध होना चाहिए।



-------------****-------------